हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

10 स्वच्छता में योगदान देकर देश को आगे बढ़ाएं : भोला



10 होनहार विद्यार्थियों का सम्मान



## खबर संक्षेप

### आज बोहतवाला से चलने वाले तीन फीडर रहेंगे बंद

**अलेवा।** बिजली निगम नगूरां के अधीन 33 केवी बोहतवाला बिजली घर में मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार सुबह सात बजे से नौ बजे तक 3 फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। इंचार्ज राकेश ने बताया कि में मरम्मत के चलते आज सुबह 7 से 9 बजे तक 11 केवी खोखरी एपी, 11 केवी बोहतवाला एपी तथा 11 केवी भारत रिसर्च औद्योगिक फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी।

### बैंक से लाखों धोखाधड़ी मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका से लाखों की धोखाधड़ी मामले की जांच थाना चीका पुलिस के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी वार्ड नंबर 11 गुहला निवासी गौरव मल्होत्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बैंक के मैनेजर नवीन मोर की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

### घर में घुस दंपती से मारपीट, केस दर्ज

**जींद।** होली मोहल्ला में घर में घुस दंपत्ति के साथ मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। होली मोहल्ला निवासी विमल की पत्नी शोभा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे मकान बना रहे हैं। वह अपने घर की छत पर गई हुई थी।

### मारपीट-धमकी देने का आरोप, शिकायत दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गांव सौंगल निवासी ओम सिंह ने राजौंद थाना में शिकायत दी कि आठ मई को आरोपी कुलदीप व उसकी पत्नी ने उसे कड़ी व ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। जांच अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा दे युवती से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर होटल में ले जा दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। नरवाना इलाके की एक युवती ने नौ मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शर्मा नगर निवासी विशाल से उसकी लगभग डेढ़ साल पहले इंस्टा पर दोस्ती हुई थी।

### स्कूटी और स्पेयर पार्ट्स चुराने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** चीका स्थित ओंकार टीवीएस एजेंसी से पुरानी स्कूटी व स्पेयर पार्ट्स चुराने के मामले की जांच थाना चीका पुलिस के एचसी अमित कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी मामुपुर जिला सुल्तानपुर यूपी निवासी विपिन को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका निवासी रिंकू की शिकायत अनुसार उसकी कैथल रोड चीका पर ओंकार टीवीएस एजेंसी है।

### युवती संदिग्ध हालात में लापता,अपहरण का केस

**जींद।** शीतलपुरी कालोनी में दुकान से सामान लेने गई युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। शीतलपुरी कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी।

### बाइक चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए 2 अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की हुड्डा सेक्टर-19 कैथल निवासी कर्ण की शिकायत अनुसार 14 मई को उसकी बाइक को सर छोटू राम चौंक कैथल से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था।

# तापमान पहुंचा 42 डिग्रीः भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजार सुनसान

## दिन निकलने के साथ आग उगलने लगा सूर्य, लोग घरों में दुबकने को मजबूर, ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीष्ण गर्मी का दौर लगातार जारी है। तापमान 42 डिग्री तक पहुंच रहा है। भीष्ण गर्मी का असर जनजीवन पर साफ देखने को मिल रहा है। दोपहर को बाजार तथा सड़कों पर विरानगी छा रही है। हवा का मिजाज भी काफी गर्म रह रहा है। जिसने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। इसी के साथ गर्मी के साथ ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड भी बढ़ गई है। वीरवार को अधिकतम तापमान 42 तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 16 % तथा हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज । मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि 18 मई तक तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को गर्मी में विशेष ध्यान रखना चाहिए। पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगतार इजाफा हो रहा है। दिन का तापमान 42 डिग्री पहुंच रहा है। वीरवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम का मिजाज तथा हवा गर्म होती चली गई। दोपहर को सड़कें तथा बाजार सुनसान दिखाई दिए। बहुत कम वाहन सड़कों पर दिखाई दिए।जो लोग दोपहिया वाहन पर चला रहे थे, उन्होंने भी मुंह ढांपे हुए थे। जगह-जगह लोग ठंडे पेय का सहारा लेते देखा गया। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में दोपहर को जरूरी हो तो घर से बाहर निकलें। अंगोच्छा जरूर सिर पर रखें। अधिक से अधिक पानी पिएं। गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे आसानी से हो जाते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना की जरूरत है। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। तेज गर्मी में बाहर न निकलें। गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं तथा तेज धूप में निकलने से पहले सिर पर कपड़ा, टोपी या छाता जरूर लें। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।



जींद। दोपहर को सुनसान नजर आ रहा गोहाना रोड। फोटो :हरिभूमि

### आवश्यक सावधानी बरतें : डीसी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मौसम विभाग ने आगामी चार दिन तक तापमान में एकाएक बढ़ोत्तरी होने की संभावना जताई है। इसी के चलते नागरिकों के साथ-साथ पशुधन को भी हीट वेव यानी लू के प्रकोप से बचाव को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग आदि सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों की विशेष हिदायतों व एक्शन प्लान के तहत लोगों का लू से बचाव करें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए हैं कि वे आमजन को लू के प्रकोप से बचाव के बारे में जागरूक करें। डीसी ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें।

## वैन को बचाने के चक्कर में बस का टायर गड्ढे में उतरा

# स्कूली विद्यार्थियों से भरी रोडवेज बस गड्ढे में उतरी, 6 गंभीर घायल

## हादसे की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण-परिजन हादसा स्थल पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वीरवार सायं को स्कूली विद्यार्थियों से भरी रोडवेज बस गड्ढों में उतर गई जिससे छह विद्यार्थियों को चोट आई। उन्हें गुलियाना की पीएचसी में दाखिल करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। गनीमत यह रही कि चालक ने बस पर नियंत्रण पा लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरवार को आरोही मॉडल स्कूल सोगरी से छुट्टी के बाद तीन बजे सायं को रोडवेज बस विद्यार्थियों को ला रही थी। जैसे ही बस तारागढ़ के निकट पहुंची तो अचानक आगे से एक वैन आ गई। वैन को बचाने के चक्कर में बस का टायर नीचे गड्ढे में उतर गया। छह विद्यार्थियों को चोट आई। जैसे ही ग्रामीणों व परिजनों को हादसे की सूचना मिली तो भारी संख्या में ग्रामीण हादसा स्थल की ओर दौड़ पड़े । सभी अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों को संभाला। मामूली चोट लगने वाले बच्चों को गुलियाना के पीएचसी ले जाया गया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार उपरांत छुट्टी दे दी गई।



जुलाना । हादसे में दुघर्टनाग्रस्त ऑटो। फोटो :हरिभूमि

### अनियंत्रित होकर ऑटो से टकराई कार, छह घायल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के बाईपास के पास एक अनियंत्रित कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में बैठे पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दूसरी ओर कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया जहां से उनकी गंभीर अवस्था देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। लुदाना गांव निवासी 59 वर्षीय राममेहर कार में सवार होकर रोहतक की ओर जा रहा था। जब वह शादीपुर गांव के पास जुलाना बाईपास पर पहुंचा तो अचानक उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी ऑटो से जा टकराई। ऑटो में सवार पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस और एंबूलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया जहां से उनकी गंभीर अवस्था देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। गतौली गांव निवासी 37 वर्षीय सुनील, ब्यानाखेड़ा निवासी 19 वर्षीय दिक्षांत, हांसी निवासी 27 वर्षीय विकास व 34 वर्षीय सन्नी व एक अन्य जुलाना बाइपास पर हाइवे के डिवाइडर पर पेंट कर रहे थे। दोपहर के समय सभी मजदूर ऑटो में बैठक खाना खा रहे थे। अचानक जींद की आरे से आ रही अनियंत्रित कार ने उनकी ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पांचों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार अध्यापिका की मौत

- गांव अहिरका के निकट जींद नरवाना नेशनल हाइवे पर हादसा

**जींद।** अहिरका के निकट जींद-नरवाना नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट निवासी सोमबीर की पत्नी निशा (42) उसकी जानकार बडौदा निवासी किरण (20) स्कूटी पर सवार होकर गांव झांज कला की तरफ से लौट रही थी। जब वे गांव अहिरका फ्लाईओवर के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला डिवाइडर पर जा गिरी। जबकि दूसरी हाइवे पर गिर कर दोनो गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। जहां चिकित्सकों ने निशा को मृत घोषित कर दिया। मृतका सरकारी स्कूल में अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ओर हालातों का जायजा लिया। सदर थाना पुलिस ने पीछे से आ रहे दूसरे गाड़ी चालक सावित्री नगर निवासी वरूण की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना के जांच अधिकारी कुलबीर ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।



जींद। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस व पैरामिल्ट्री के जवान। फोटो :हरिभूमि

## आम जनता से बगैर डरे मतदान करने की अपील

- डीएसपी गीतिका जाखड़ के नेतृत्व में जवानों ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने वीरवार सुबह पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उपपुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड़ के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई। डीएसपी गीतिका जाखड़ ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिल्ट्री फोर्स ने मिल कर शहर जींद के एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 100 से अधिक जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च निकालने का हमारा मुख्य उद्देश्य नागरिको के मन में सुरक्षा का अहसास दिलाना है कि वे बिना किसी डर, भय और निष्पक्षता से वोट दें। पुलिस का यही उदेश्य है कि स्वतंत्र एंव निष्पक्ष चुनाव करवाया जाए जिसके लिए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि पुलिस की टीमें चुनाव करवाने के लिए तैयार हैं। जिसके लिए जगह-जगह नाकाबंदी की गई है। जो भी असामाजिक तत्व है जैसे नशे, अवैध शराब या अवैध हथियार के साथ कोई व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्ता कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डीएसपी गीतिका ने कहा कि पुलिस द्वारा चुनावों को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवाने के लिए पूर्ण रूप से रूपरेखा तैयार की गई है। सभी इलाकों में नाकाबंदी शुरू की जा चुकी है। नियमित नाके लगाए गए हैं। पंजाब के साथ लगते एरिया में वहां के संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके उन स्थानों पर नाकाबंदी की जा रही है।

## धूरा टूटने से ट्राली पलटी,चालक ने ट्रैक्टर से कूदकर जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद असंध रोड पर ट्राली का धूरा टूटने से खाद से भरी ट्राली सड़क पर पलटी चालक बाल बाल बच्चा। ट्रैक्टर चालक दीपक कुमार ने बताया कि जब वह अपने ट्रैक्टर ट्राली में खाद भरकर पानीपत से कैथल जा रहा था तो राजौंद के असंध रोड पर पेट्रोल पंप के पास अचानक ट्राली का धूरा टूट गया। जिससे ट्राली पलट गई। सहयोग ट्राली को घूमने वाली हुक लगी हुई थी। जिस कारण ट्रैक्टर पलटने बच गया और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। उसने बताया कि उसने खुद ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाई। उसने बताया कि इस दौरान यह भी सहयोग ही रहा की सड़क की दोनों साइडों से वाहन नहीं आ जा रहा था। जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होते होते टल गया। इस दौरान ट्राली में भरे खाद के कट्टे पूरी सड़क पर बिखर गए और रास्ता भी एक बार बंद हो गया।



असंध रोड पर खाद से भरी ट्राली धूरा टूटने से सड़क पर बिखरे हुए खाद के कट्टे।


## लड़का होने की दवा देने वाला रंगे हाथों दबोचा

- टीम ने फर्जी ग्राहक बना लड़का होने की दवा लेने भेजा था व्यक्ति के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लड़का होने की गारंटी के साथ दवा देते हुए एक युवक को वीरवार को जाट धर्मशाला के निकट एक रेस्टोरेंट से रंगे हाथों काबू किया है। युवक रेस्टोरेंट में 1500 रुपये लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डिकाय बना कर भेजी गई महिला को दवाई देने के लिए पहुंचा था।

युवक ने आते ही महिला को माचिस की डिब्बी में तीन सफेद रंग की गोलियां दी। जांच में सामने आया कि ग्राहकों की तलाश के लिए आरोपित फेसबुक के ग्रुप का प्रयोग करता था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने युवक को काबू करके सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहतक जिले के गांव लाहली निवासी 25 वर्षीय नीरज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पीएनडीटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।




जींद। नीरज द्वारा ग्रुप में डाला मैसेज।

### लड़का होने की दवा देने वालों पर विशेष नजर : डा. पालेराम

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है जो लड़का होने की दवा देने की बात करते हैं। लड़का व लड़की में कोई फर्क नही है। अगर कोई कन्या भ्रूण हत्या या फिर लड़का होने की दवा देता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जा सकती है। सूचना पर विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### फेसबुक पेज पर लड़का होने की दवा देने का डाला मैसेज

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि 25 वर्षीय नीरज फेसबुक पर पोस्ट डालता था कि कोई भी भाई, भाभी लड़का होने की दवाई उससे ले सकता है। बाद में ध्यान दिया तो पता लगा कि उसने दस से 15 ग्रुप में पोस्ट डाल रखी थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फर्जी ग्राहक तैयार कर नीरज से बात करवाई तो कई दिन तो वह स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिलने के लिए टाइम पर टाइम देता रहा। नीरज को पकड़ने के लिए सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल ने टीम तैयार की। नीरज ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए फर्जी ग्राहक के पास क्यूआर कोड भेजकर 1500 रुपये की मांग की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्यूआरकोड पर 1500 रुपये भेज दिए। नीरज ने कुल पांच हजार रुपये की मांग की थी। जिसमें से 1500 रुपये पहले मांगे गए थे। जो विभाग की टीम ने ऑनलाइन भेज दिए थे। इसके बाद नीरज ने फर्जी ग्राहक को जींद के एक निजी होटल में मिलने के लिए बुलाया। जहां स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की टीम तैनात थी। जैसे ही नीरज ने फर्जी ग्राहक को पास बैठाया और माचिस की डिब्बी में तीन गोलियां दी। जैसे ही फर्जी महिला ग्राहक ने नीरज को रुपये दिए तो पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नीरज को पकड़ लिया और सिविल लाइन थाना में ले जाया गया। जहां केस दर्ज कर जांच शुरू की गई।




जींद। सम्मान समारोह में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### मोतीलाल स्कूल के 10वीं-12वीं स्कूल टॉपर्स सम्मानित

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय ने इस वर्ष अपने 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाने के लिए एक विशेष समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गयाए जिसमें छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य ने अपने भाषण में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने इस वर्ष उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और हमें उन पर गर्व है। यह उनकी मेहनत और संकल्प का परिणाम है। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई दी और कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन ने आपको इस मुकाम पर पहुंचाया है। आगे भी इसी तरह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार और प्रशासक वीपी शर्मा ने विद्यालय टॉपर्स को सम्मानित किया।

## कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने शुरू की तैयारियां

# कॉलेज-आईटीआई में जल्द शुरु होगी दाखिला प्रक्रिया

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी होते ही उच्चतर शिक्षा विभाग व तकनीकी विभाग में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी कालेजों तथा आईटीआई में दाखिला लेने के लिए आवेदन करेंगे। उम्मीद है उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से जून के पहले या दूसरे सप्ताह में शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस बार दाखिला प्रक्रिया नई शिक्षा नीति के तहत की जाएगी। कुछ कालेजों ने नए कोर्स शुरू करने के लिए भी आवेदन किया हुआ है। अगर ये कोर्स मिल जाते हैं तो कालेजों में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। इस बार जाट कालेज को चार नए कोर्सों की सौगात मिली है जिससे सैकड़ों विद्यार्थियों को फायदा होगा। आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाए तो जिले भर के करीब 15 राजकीय और निजी कालेजों में करीब नौ हजार सीटें हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से जिले के 10979 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, इनमें से 9747 विद्यार्थी पास हुए हैं। सीबीएसई के तहत 5179 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 5156 विद्यार्थी पास हुए हैं। कुल 14903 विद्यार्थियों ने 12वीं पास ही है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कालेजों और आइटीआइ में जल्द ही दाखिलों को लेकर तैयारी शुरू कर दी जाएगी। वहीं इस बार 12वीं में पास आउट विद्यार्थियों की संख्या अधिक और कालेजों में सीटों की संख्या कम होने के कारण विद्यार्थियों का रुझान आइटीआइ की तरफ भी रहने का अनुमान जताया जा रहा है। युवाओं में विदेश जाने का क्रेज भी बना हुआ है। जिले के ऐसे कई गांव हैं जहां से 100 से ज्यादा युवा 12वीं की पढ़ाई करके विदेशों में जा चुके हैं। बता दें कि जिले में कुल 18 आइटीआइ हैं। इनमें नौ राजकीय और 09 प्राइवेट आइटीआइ शामिल हैं। सभी में मिलाकर दाखिला की सीट करीब छह हजार हैं। आइटीआइ में भी जून में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और ऐसे में विद्यार्थी अपने कागजात तैयार रखें।

### जल्द शेड्यूल जारी होने की उम्मीद

उच्चतर शिक्षा विभाग कैथल के जिला नोडल अधिकारी डा. राजेश सैनी ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई की तरफ से 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार परिणाम जल्द आया है। ऐसे में उम्मीद है कि जून के पहले या दूसरे सप्ताह में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मां व बेटे के लापता होने पर मामला दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से बेटे समेत मां तथा युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। कैनाल रोड नरवाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत दिवस उसकी 23 वर्षीय पत्नी, 14 माह के बेटे के साथ संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### स्कूल का टूटा ताला हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव मनोहरपुर सरकारी स्कूल से बीती रात चोरों ने लोहे के गेट, सरिया समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने स्कूल मुखिया की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनोहरपुर सरकारी स्कूल के मुख्यिा सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल कमरे का ताला तोड़ कर टूंटियां, कस्सी सरिया, कुर्सियां, मेन गेट की एक साइड समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### 19 मई को नैना चौटाला उचाना में

**उचाना।** जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला 19 को हलके का दौरा करेंगी। प्रो. जगदीश सिहाग एवं जोरा सिंह डूमरखा ने बताया कि झील, घसो कलां, घसो खुर्द, सुदकैन खुर्द, लोधर, मांडी कलां, संडील, थुआ, कुचराना खुर्द, अलीपुरा, पालवां, खरकभूरा, सफा खेड़ी, सेढ़ा माजरा गांव में नैना चौटाला पहुंचेंगी।

### पार्षद प्रतिनिधि की बाइक चोरी, शिकायत दर्ज

**सफीदों।** सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के नगर के सिटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गए एक नगर पार्षद प्रतिनिधि की बाईक चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर पांच के पार्षद प्रतिनिधि संजीव कुमार ने कहा कि 14 मई की रात को मैं नगर के सिटी पार्क में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली के कार्यक्रम में गया था। मैंने वहां पर अपनी मोटरसाईकिल खड़ी की हुई थी।

### वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं होगी :रजा

**जींद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी।

### 20 तक चलेगा वोटर स्लिप बांटने का कार्य : उपायुक्त

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सभी बीएलओ मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर इन्फोर्मेशन स्लिप बांटने का कार्य शुरु कर दिया गया है। वोटर स्लिप पहुंचने का कार्य 20 मई तक चलेगा। इस दौरान जो मतदाता इस दौरान उपलब्ध नहीं होंगे या स्थान छोड़ गए हैं, उनकी मार्किंग भी की जा रही है।

### सरकार टीजीटी भर्ती को जल्द पूरा करे : बिजेंद्र

**जींद।** टीजीटी अध्यापक बिजेंद्र सिंह, उप प्रधान वतन सिंह, ममता ने जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वो अपने रिजल्ट और 'वायनिंग के लिए काफी समय से प्रयास कर रहे हैं लेकिन सरकार इस तरफ कोई ध्यान नही दे रही है। इसके लिए टीजीटी अभ्यर्थियों द्वारा कोसली से पंचकूला 300 किमी पैदल यात्रा भी निकाल चुके हैं।

### मन की शुद्धि बिना उन्नति नही : रामनिवास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि संसार में हमारा शरीर सत्य नही हमारी आत्मा सत्य है। क्योंकि सत्य कभी बनता बिगड़ता नही है। हमारी आत्मा सृष्टि के आरंभ में जैसी भी हमारे शरीर में आई थी, वैसी ही आज भी है। सृष्टि के आरंभ में जैसे भी हमारे शरीरों को चेतन करती थी ,आज भी वैसे ही चेतन करती है।

---

#### स्वच्छ भारत अभियान के तहत इंडस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

# स्वच्छता में योगदान देकर देश को आगे बढ़ाएं : भोला

### आप सभी अपने एरिया के गांवों के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत सीएमओ डा. गोपाल गोयल, पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान के दिशा-निर्देशन में वीरवार को इंडस स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी दिलबाग संडील, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडस स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा, सीओ जेएस ढोडी, गेस्ट ऑफ ऑनर दिनेश, जोगेंद्र मोर, सुखबीर, सीबी चौधरी रहे व मंच संचालन मंजू ने किया। डा. संदीप, नर्सिंग ऑफिसर साधना, सुनीता ने स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। समाजसेवी दिलबाग संडील ने कहा कि एक भारतीय नागरिक होने के चलते यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करें। आप सभी अपने एरिया के गांवों के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें ताकि दुनिया के सामने हम एक आदर्श देश का उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि अब समय आ गया है कि आमजन अपनी जिम्मेवारी समझते हुए स्वच्छता को लेकर सभी को समझाए कि खुले में शौच समाप्त करना, अंधाधुंड पेड़ों की कटाई करना, गंदगी फैला हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।



जींद। इंडस स्कूल में स्वच्छता की शपथ लेते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने की शपथ दिलाई

डा. भोला ने उपस्थित अध्यापकों, कैडेट्स को अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाने व अपने आसपास सफाई करने की शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों को यह अपने जीवन में ग्रहण करना चाहिए की हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा एक छोटा सा कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करता है। इंडस स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा, सीओ जेएस ढोडी ने कहा कि पौधारोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह पौधा रोपण कर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दे। पर्यावरण को शुद्ध बनाकर ही बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। गेस्ट ऑफ ऑनर दिनेश, जोगेंद्र मोर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि जल का भी जीवन में बड़ा महत्व है। जल को बचाना बहुत जरूरी है। काफी सारे ऐसे देश हैं जिनके समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। यदि समय रहते हम जल संरक्षण के प्रति जागरूक नही हुए तो हमें भी जल समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। ऐसे में जल संरक्षण को भी महत्ता दें। डा. संदीप, नर्सिंग ऑफिसर साधना, सुनीता ने बच्चों को संतुलित आहार, रोजाना स्नान करने, प्रतिदिन सुबह व रात्रि में दंत मंजन करने व स्वच्छ रह कर किस तरह बीमारियों से बचा जाए की जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स को साबुन से हाथ धोने के फायदे बताए और कहा कि साबुन से हाथ साफ क रने पर हाथों में लगे जीवाणु खत्म हो जाते हैं।



जींद। महिलाओं को जागरूक करती महिला स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के प्रति किया जागरूक

**जींद।** विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने वीरवार को शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने आमजन को व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के लक्षणों, बचाव के तौर तरीको, नियंत्रण के उपाय के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने स्कूलों व कालोनियो मे नुक्कड़ बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया। वही पर घर-घर भी जाकर कूलर, होदी, पानी की टंकी की जांच की और लोगों को कोरोना के साथ-साथ डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। राममेहर वर्मा ने बताया कि जिस तरह पिछले वर्षों में जहां कोरोना ने महामारी का रूप लेकर विश्व भर के लाखों लोगों की जान ली। वही पर जिला में डेंगू ने भी अपना कहर बरसाया था। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि थोडी सी सावधानी करके अपने घर तथा आसपास की सफाई करते हुए गड्ढों, खाली पड़े टायरों व गमलों में गंदा पानी खड़ा न होने दे तो इस भयंकर बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि तीव्र बुखार, सिर के अगले हिस्से मे तेज दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, भूख कम लगना, जोडों में दर्द, शरीर पर खसरे जैसे दाने निकलना व उल्टी आना तथा जी मचलने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवानी चाहिए।



### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान में स्वास्थ्य कर्मियों ने विश्व डेंगू दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर व ग्रामवासियों ने भाग लिया। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ग्रामीणों को डेंगू बुखार के कारण, लक्षण एवं सावधानियां के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डेंगू व चिकन गुनिया फैलाने वाला एडिज मच्छर दिन के समय काटता है व रूके हुए साफ पानी में ही पनपता है। घरों के आसपास गंदे पानी को ठहराव न होने दें। पूरी बाजू के कपड़े पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छर भगाने वाली क्रीम, सप्ताह में एक दिन होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे की सफाई करें। पुराना सामान, जैसे टायर, टयूब, खाली डिब्बे, पोलीथीन के लिफाफे, नारियल के खोल खुले में न फैंके ताकि बरसात का पानी उनमें इक्कठा न हो। बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच करवाएं। डेंगू के लक्षणों के बारे में बताते हुए कहा कि अचानक तेज बुखार होना, सिर दर्द, आंखों के पिछले में दर्द होना, शरीर पर लाल दाने होने के अलावा मांसपेशियों में दर्द तथा जी मचना व उल्टी आना आदि है।

---

# 155 बच्चों व स्टाफ की आंखें जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

- अमर शहीद सुखदेव के बलिदान दिवस पर नेत्र जांच कैंप लगाया

भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा अमर शहीद सुखदेव के बलिदान दिवस पर श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में स्कूल के बच्चों व स्टाफ के लिए नेत्र जांच शिविर लगाया । जिसमे सबसे पहले ज्योत प्रज्वलित की व भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माला अर्पित करके वंदे मातरम गीत गाया गया। उसके बाद स्कूल के डायरेक्टर व परिषद परिवार के सम्मानित सदस्य कृष्ण अरोड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में अहम योगदान डॉक्टर बिंदलिश वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी नागरिक हॉस्पिटल नरवाना का रहा जिन्होंने एक बार अनुरोध करने पर दो आई स्पेशलिस्ट टीम को बच्चों की नेत्र जांच के लिए भेजा व स्वयं भी बच्चों की आंखें चैक की। इस दौरान शिविर में लगभग 155 बच्चों व स्टाफ की आंखें चेक की गई व जांच के दौरान नजर में कोई कमी पाई गई तो उन्हें सचेत किया गया। बिंदलिश ने बच्चों को आंखों की देखभाल के प्रति सचेत रहने के लिए कहा गया व मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करने की हिदायत दी। शाखा अध्यक्ष सतीश सेतिया प्रिंसिपल ज्योति अरोड़ा, डॉ सुरेंद्र मलिक, जॉनी सिंगल, कोषाध्यक्ष राजकुमार गोयल, तिलक सचदेवा, प्रिंस रावल मौजूद रहे।



नरवाना। बच्चों के नेत्र जांच करते हुए डॉ। फोटो :हरिभूमि

### भगवान परशुराम कॉलेज को मिले तीन नए कोर्स

**सफीदों।** भगवान परशुराम कॉलेज आफ एजूकेशन के प्रबंधक डा. दिनेश मोदगिल ने बताया कि भगवान परशुराम कॉलेज ऑफ एजूकेशन नारा में 2007 से बीएड व डीएलएड के कोर्स चल रहे हैं। 2019 से 4 वर्षीय बीए बीएड, बीएससी बीएड (इंटीग्रेटेड) कॉलेज में नियमित रूप से चल रहा है। डा. मोदगिल ने बताया कि सेशन 2024-25 से कॉलेज में बीबीए, बीसीए व बीएससी (कम्प्यूटर साइंस) तीन नए रेगुलर कोर्स प्रारंभ होने जा रहे हैं। इन कोर्स के लिए चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद ने जनवरी में निरीक्षण किया और प्रत्येक कोर्स के लिए 60-60 सीटों की सिफारिश की। जिसके आधार पर कॉलेज को इन तीन नए कोर्स की मान्यता कॉलेज को दी है। डा. मोदगिल ने बताया कि अब इन कोर्स को करने के लिए विद्यार्थियों को दूर शहर में जाने की जरूरत नही है।

# होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

- राजकीय वमावि सिंगवाल में मनाया गया वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वीरवार को राजकीय वमावि सिंगवाल में ग्राम पंचायत सिंगवाल के तत्वाधान एवम प्राचार्य वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले प्राचार्य व विद्यालय स्टाफ ने मेरिट प्राप्त करने वाले बच्चों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। प्राचार्य ने पंचायत सदस्यों एंव अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने कोटा फैक्ट्री आपके गाँव में ही लगा दी है अब बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के लिए कोटा या दिल्ली जाने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि इस वर्ष हमने आपके गाँव से ही अंकित के रूप में इंजीनियर और रितु के रूप में डॉक्टर बनाया है। अभी तो यह शुरुआत है आगे यह संख्या और बढेगी। उन्होने कहा की हम अपनी घोषणा के अनुशार रितु को टॉप टेन में जगह बनाने के लिए 11 हजार नकद राशि देते हैं। जिला पार्षद वीरेंद्र ने भी अपनी घोषणा के अनुसार रितु को नकद 11 हजार की राशि प्रदान की। एसडीओ कृषि विभाग कुलदीप शर्मा ने अपने दिवंगत पिता की याद में रितु को 7100 सौ की छात्रवृति एवम दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मानसी को अपनी दिवंगत माता की याद में 5100 सौ की छात्रवृति प्रदान की।



नरवाना। बच्चो को पुरूस्कार राशि देकर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। कैंप में भाग लेकर लौटे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी के 25 बच्चों ने राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप में लिया भाग

**जींद।** हरियाणा पंजाब सेंटर तारा देवी में हरियाणा राज्य पुरस्कार टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान सभी बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक हर क्रियाकलापों में भाग लिया। जिसमें हरियाणा के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के 200 बच्चों व डीएवी जोन जींद के 25 बच्चों ने भाग लिया। कैंप का संचालन अलेक्स वर्मा ने किया और बाहर से आए सभी स्काउट मास्टर ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। बताया कि इस प्रकार के कैंप का आयोजन करने से बच्चों में प्रतिभा बढ़ती है। स्वयं काम करने का उत्साह बढ़ता है और वह अपने काम के प्रति ज्यादा लगनशील रहते हैं। सभी बच्चे अपने घरों से दूर रहते हैं और वह यहां रह कर ठीक से रहना, खाना, पीना इत्यादि काम सीख कर समाज को एक नई दिशा प्रदान करने का काम करते हैं। स्काउट को ईमानदारी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों व समाज के विभिन्न संदेशों को आत्मसात कर अपना जीवन जीना चाहिए। इस कैंप से बच्चों को बहुत सारे प्रशिक्षण एक साथ दिए गए।

# जींद में खोला जाए औद्योगिक कारखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में किसानों व सामाजिक मुद्दों को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में किसान समस्याओं को लेकर मंथन किया । कंडेला ने कहा कि लंबे समय से किसानों की फसल पर एमएसपी दिलवाना व स्वामीनाथन की रिपोर्ट को लागू करवाना, मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ना और जींद में एक बड़ा औद्योगिक कारखाना लगवाना व लीव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव करवाना इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। कंडेला ने कहा कि इन सभी मुद्दों पर हिसार में प्रदेश के मुख्यमंत्री नाबय सिंह सिंह सैनी व हिसार लोकसभा के प्रत्याशी रणजीत सिंह से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की थी। जिसमें 30 मिनट तक चर्चा की। दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों को प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के संज्ञान में लाया जाएगा और इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। कंडेला ने कह कहा कि इन मुद्दों को हल करने के लिए आश्वासन दिया गया है। हरियाणा किसान यूनियन के प्रधान हजूरा सिंह, पंचायती प्रकोष्ठ के प्रधान अभेराम कंडेला, धर्मपाल खटकड़, खटकड़ खाप के सचिव जगदीश नगूरां, नरसी शर्मा, काला कंडेला, रामकिशन रेढू आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि



### डीएन मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाला रोड शो

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल के बच्चों ने शानदार परीक्षा परिणाम की खुशी में रोड शो निकाला। जिसमें स्कूल के दसवीं कक्षा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अंकित ने 496/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल, तन्नु, उज्ज्वल एलक्षित ने 495 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। रेमन, तमन्ना ने 494 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। 27 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय को चार चांद लगा दिए। इसी तरह 12वीं कक्षा की छात्रा अंकुश ने 487/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा ने 479 अंकों के साथ द्वितीय, अन्नु साक्षी ने 472 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ दूसरे बच्चों के अभिभावकों का फूलमालाओं से स्वागत किया। रोड शो स्कूल प्रागंण से लेकर ईक्कस, इंर्टल, जाजवान, ढांढाखेड़ी, दरियाला, संगतपुरा, जुलानी तक गया। प्राचार्य राज रेढू व विद्यालय निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने बच्चों की हौंसलाअफजाही की।

---


**कवि सम्मेलन** शहीद सुखदेव थापर की जयंती पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन

# भारत मां का पुत्र प्यारा, दे दी पल में जान, मैं उस पर वारी जाऊं....

माँ शारदे के सभी साधक व साधिकाओं का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जींद के बैनर तले शहीद सुखदेव थापर की जयंती पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन योगेश समदर्शी मेरठ की अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन मंजू मानव एवं ऑपरेटर की भूमिका डा. हनीफ़ भट्टी की रही। संस्था की अध्यक्ष शकुंतला काजल शकुन ने कार्यक्रम में शामिल माँ शारदे के सभी साधक व साधिकाओं का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। माँ वाणी को नमन करते हुए माँ भारती के प्यारे लाल सुखदेव सिंह थापर को जन्मदिवस पर भावांजलि प्रस्तुत करते हुए चंडीगढ़ से जुड़ी सशक्त लेखनी की धनी संतोष गर्ग ने कार्यक्रम का आगाज किया और कहा कि भारत मां का पुत्र प्यारा, दे दी पल में जान, मैं उस पर वारी जाऊं। फांसी के फंदे को चूमा, हो गया कुर्बान देश परए वारी जाऊँ। हृदय स्पर्शी इन पंक्तियों ने सबको भाव विभोर कर दिया। इसी कड़ी में स्नेहिल हसन की प्रस्तुति काबिलेतारीफ रही। ढाणा झ'झर से जुड़े वरिष्ठ कवि अशोक जाखड़ की रचना के स्वर शहीद सुखदेव के लिए इस प्रकार थे नहीं मात-पिता घर से मतलब, बस प्यारा आवाम था। जन-जन को प्रेरित करने वाली इस प्रस्तुति के बाद सीमा के प्रहरी फौजी महावीर मौण एवं उनके साथी फौजी विपिन पवार एवं फौजी जय शिव सिंह का भारतीय सरहद पश्चिम बंगाल से सीधा कवि सम्मेलन में जुड़ना शहीद सुखदेव थापर के जन्मदिवस के इस मौके खास बना गया। गीतकार फौजी महावीर मौण पंक्तियां थी कि आजादी के हवन कुंड में, अपने प्राणों की डाली आहुति थी। सुखदेव सरीखे देशभक्त कीए देश में बोली तुती थी। इस प्रस्तुति पर नम आंखों और रूंधे गले से भावुक हो कर सभी कवियों ने जयहिंद का नारा लगाया। कुरुक्षेत्र से जुड़े प्रकाश कुरुक्षेत्री की लाजवाब प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। उनकी गजल के बोल थे कि हमें प्यारी है ये माटी हमारी जान से पहले। करें इसको नमन हम देवता भगवान से पहले। कुमारी विपिन संधू ने जोशिला अंदाज में ये कहा कि खून मेरा लाल है, शरीर हड्डियों का जाल है। जाति-धर्म का भेद नही, इंसानियत का ख्याल है। कफन बांध कर वीर जो चलता मातृभूमि का रखवाला। सर्द बर्फ की रातों में जगता, भूखा-प्यासा मतवाला। ये पंक्तियां गाकर रोहतक की कंचन मखीजा ने जवानों के प्रति अपना स्नेह दर्शाया।



### रचनाओं से शहीद सुखदेव को याद किया

नवोदित कवयित्री रानी सोनिया पांचाल ने शहीद सुखदेव के प्रति अपनी संवेदना प्रकटत करते हुए कहा कि अमर रहो हे वीर जवान, धरती मां पर की जां कुर्बान। मंजू मानव ने कहा कि सुखदेव, भगतसिंह और गुरु सब ये गये कहां। आवाज दे रही हूं, कोई बोलता नहीं। कविराज रामकुमार अलेवा ने कहा कि अर्पित करता हूं तुम्हें, श्रृद्धा सुमन हजार। फिर आओ इस देश में चाहे रामकुमार। कार्यक्रम के समापन से ठीक पहले अपनी लेखनी का लोहा मनवाने वाले योगेश समदर्शी का स्टीक जबरदस्त पंच भी कह गया कि सच कहने में बड़ी चुनौती, सच कहने के खतरे लाख। असीम राणा, कमलेश गोयत, कदम सिंह राठी, शैलेंद्र मोहन ने अपनी रचनाओं द्वारा आजादी के मतवाले शहीद सुखदेव को याद किया।

### निपुण हरियाणा मिशन का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू

**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय जींद शहर में वीरवार से चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें जींद खंड से 80 प्राथमिक शिक्षक भाग ले रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा की नींव मजबूत करना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है और वह आशा करते हैं कि सभी शिक्षक प्रशिक्षण उपरांत अर्जित ज्ञान का प्रयोग अपनी कक्षाओं में पूरी दक्षता के साथ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को विभाग द्वारा जारी शिक्षक संदर्शिका के आधार पर नवाचार और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। जिससे वह उन्ही क्रियाविधि को अपनाते हुए कक्षा शिक्षण करा कर बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करें। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को हिदायत दी कि वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा से करें। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य आठ से 11 वर्ष तक के सभी बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष करना है।

## खबर संक्षेप



### बनभौरी मंदिर में माई रानी का हुआ जागरण

**गुहला-चीका।** जय मां बनभौरी पावन धाम सोसायटी चीका की ओर से मां बनभौरी मंदिर में 9वां विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में मुख्यातिथि महावीर मटोरिया रहे, जबकि ज्योति प्रचंड एक कन्या से करवाई गई। कथा वाचक देवेंद्र मित्तल, भजन गायिका मोना मेहता, भजन गायक प्रेम शर्मा व बब्बू चावला ने मां की भेंटों का गुण-गाण किया व सारी रात श्रद्धालुओं को भक्तिरस में बांधकर रखा। ह्यओह जंगल के राजा मेरी मैया लेके आजाह्ल भेंट गाई गई तो दर्शक झूम उठे।

### स्लाइडिंग करते समय युवक को मारी टक्कर

**कैथल।** गांव क्योडक स्थित किंगलैंड वाटर पार्क में स्लाइडिंग करते समय एक युवक को दो अन्य युवकों ने तेजगति से टक्कर मार दी। पीड़ित युवक ने वाटर पार्क के मालिक और सिक्योरिटी गार्ड पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हादसे का जिम्मेदार ठहराया है और दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव नैना के पंकज कुमार सदर थाना में शिकायत दी कि वह भारतीय रेलवे में इंजीनियर के पद पर नौकरी करता है। 12 मई को वह अपने रिश्तेदार तरसेम के साथ दोपहर साढ़े 12 बजे किंगलैंड वाटर पार्क क्योडक में नहाने के लिए गया था। जब वह वाटर पार्क में ऊपर से नीचे स्लाइडिंग कर रहा था।

### हिम्मत सिंह के चेयरमैन बनने पर जताई खुशी

**पूंडरी।** किसान भवन पूंडरी में पूंडरी हलके के रोड समाज के लोगों द्वारा हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का चेयरमैन बनाए जाने पर लड्डू बांटकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर रोड समाज के लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा सरकार का आभार प्रकट किया। सुरेश बरसाना, पुष्पेंद्र बरसाना, शमशेर बरसाना, रघबीर गोलन पूंडरी, सरदारा गामड़ी, अमित टाया, मनोज जाम्बा, उदय सिंह बरसाना, कुलविंद्र बरसाना, रमेश बरसाना, अनुप खेड़ी, सुभाष बुगी, शशि मैहला सांच, रिंकू कौल, बलवंत ने आभार जताया।



### परीक्षा में अव्वल रहने वाली छात्राएं सम्मानित

**पूंडरी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूण्डरी की छात्राओं ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का दसवीं एवम् बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य धर्म सिंह मोहना ने बताया कि दसवीं एवम् बारहवीं दोनो कक्षाओं की 15-15 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। आज विद्यालय मैं इन परीक्षाओं में अव्वल रहने वाली छात्राओं— सिमरन स्मृति अंकिता खुशबू रेणुका एवम् नैन्सी का प्रधानाचार्य विद्यालय प्रबन्धन समिति अध्यक्षा मीनाक्षी व स्टाफ-सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें स्मृतिचिन्ह डायरी व लेखनी देकर सम्मानित किया।

## पोस्टल बैलेट पेपर से वोटिंग करवाने वाली मोबाइल टीमों को दिया प्रशिक्षण

# मोबाइल पोलिंग टीमें तय शेड्यूल के अनुसार करें कार्य : सुशील कुमार

- सभी पोलिंग पार्टियां अपने साथ पर्याप्त मात्रा में आवश्यक स्टेशनरी साथ लेकर जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार के मार्गदर्शन में आरकेएसडी कालेज में कैथल विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं का बैलेट पेपर से घर पर मतदान कराने को लेकर गठित की गई मोबाइल पोलिंग टीमों को प्रशिक्षण दिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं कैथल एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि कैथल विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 244 मतदाता हैं जो घर से वोटिंग की सुविधा का लाभ लेंगे। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 192 तथा 52 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इसके लिए 14 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। कैथल विधानसभा क्षेत्र के इन विशेष मतदाताओं के वोट डलवाने का कार्य 17 मई को किया जाएगा। सभी पोलिंग टीम जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई सूची के शामिल बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं को एक दिन पहले निर्धारित शेड्यूल की जानकारी अवश्य दें। कार्य में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाए।

उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी में एक सेक्टर ऑफिसर, बीएलओ, पोलिंग अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर सहित एक वीडियोग्राफर व पुलिसकर्मी मौजूद रहेगा। पोलिंग के दौरान मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो नियम निर्धारित किए गए हैं उनकी पूरी तरह से पालना की जाए। सभी पोलिंग पार्टियां अपने साथ पर्याप्त मात्रा में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए जो भी आवश्यक स्टेशनरी है उसे अपने साथ लेकर जाएं और बैलेट मतदान के समय मतदाता से डिक्लेरेशन फॉर्म जरूर ले अन्यथा उसका मतदान वैध नहीं माना जाएगा।



कैथल। एआरओ सुशील कुमार पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण




**कैथल।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का कमीशनिंग कार्य आईजी कॉलेज, आरकेएसडी कालेज एवं आरकेएसडी स्कूल के स्ट्रांग रूम में वीरवार को शुरू हो गया। सभी विधानसभाओं के एआरओ की उपस्थिति में स्ट्रॉंग रूमों को खुलवाया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने चारों विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम्स में चल रही कमीशनिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम कमिशनिंग निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करें। वीवीपैट में सिंबल लोडिंग का कार्य भी शुरू हो गया है। पूंडरी एआरओ एवं एडीसी सी. जया श्रद्धा, कैथल एआरओ एवं एसडीएम सुशील कुमार, गुहला एआरओ एवं एसडीएम कृष्ण कुमार तथा कलायत एआरओ एवं एसडीएम सत्यावान सिंह मान ने जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार को बताया कि इस कार्य में प्रशिक्षित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य बड़ी ही सावधानीपूर्वक एवं बिना किसी समस्या से चल रहा है।

## फेयरवेल पार्टी में जमकर थिरके विद्यार्थी

- जाट बीएड कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। फेयरवेल पार्टी के दौरान विद्यार्थी तथा प्राध्यापक। फोटो : हरिभूमि

जाट बीएड कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी में जाट बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश ढिल्लों व स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विदाई समारोह का आयोजन बी.एड. प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने अपने वरिष्ठ अंतिम वर्ष के छात्रों को विदाई दी। समारोह में पहुंचने पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि व सभी स्टाफ सदस्यों का तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व प्राचार्य डॉक्टर दिनेश ढिल्लों ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यहां से पढ़कर जाने वाला प्रत्येक छात्र-छात्रा एक अच्छा शिक्षक बनकर समाज का मार्गदर्शन करते हुए देश निर्माण में अपना योगदान दे। डॉक्टर ढिल्लों ने कहा जाट शिक्षण संस्थान हमेशा छात्रों के सहयोग के लिए तत्पर रहा है व भविष्य में भी छात्रों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा छात्र आवश्यकता पड़ने पर संस्थान में आ सकते हैं। छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि आप जो भी कार्य करें लगनशीलता से करें इससे आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आज छात्र दो नावों पर सवार है हमें इससे बचना होगा और एक समय में एक ही लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान देना होगा तभी हमें उसे कार्य में सफलता मिलेगी। छात्र - छात्राओं ने इस दौरान विदाई समारोह में खूब मनोरंजन किया व सभी छात्रों ने हरियाणवी, पंजाबी गीतों पर जमकर डांस किया छात्र-छात्राओं ने गीत ,गजल ,मिमिक्री के माध्यम से भी मनोरंजन किया । प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों को सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्यों द्वारा समारोह में श्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर गगन को मिस्टर फेयरवेल व आईना को मिस फेयरवेल चुना गया। मुख्य अतिथि व सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्रा जैस्मिन व आईना ने कुशलता पूर्वक मंच संचालन किया। चंद्र प्रकाश, राजेश ढुल ,अंजू, मोनिका ,रविंद्र चहल ,वीरेंद्र कुंडू, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करके कड़ी नजर रखी जाएगी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न करवाने के लिए जिला में 386 लोकेशन पर 807 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 619 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 188 शहरी क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं। जिला में 25 मई 2024 को मतदान होगा, इसके मद्देनजर सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करके कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि न कर सके। किसी भी मतदान केंद्र पर मतदान के दिन यदि कोई शरारती तत्व कुछ भी गलत करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाही की जायेगी। सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करवाई गई है। डीसी ने बताया कि 6 मई को जारी सूची के अनुसार चारों विधानसभा में 8 लाख 19 हजार 284 मतदाता हैं।

## आरकेएसडी महाविद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- शिमला, हिमाचल प्रदेश का शैक्षणिक भ्रमण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल रहे विद्यार्थियों के लिए शिमला, हिमाचल प्रदेश का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। सांस्कृतिक प्रभाग के 25 विद्यार्थियों ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी (आईआईएएस) शिमला, रिज मैदान, क्राइस्ट चर्च, जाखू मंदिर और विधान सभा परिसर, हिमाचल प्रदेश का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने भारत-पाकिस्तान के मध्य हुए शिमला समझौता की गवाह बनी वायसराय भवन शिमला की प्राचीन इमारत में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान वायसराय भवन से जुड़े इतिहास के अलावा व्यक्तित्व विकास, पॉजिटिव एटीट्यूड जैसे विषयों से जुड़ी बारीकियों को विस्तार से जाना। सांस्कृतिक समिति के सयोंजक डॉ जयबीर धारीवाल ने बताया कि महाविद्यालय के 11 छात्राओं एवं 12 छात्रों के दल ने हिमाचल प्रदेश के वायसराय भवन स्थित एडवांस स्टडी शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया।

महाविद्यालय पंहुचने पर प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी साबित होते हैं, जिससे विद्यार्थियों में एक दूसरे से तालमेल बिठाने की कला, आत्म विश्वास एवं स्वयं को बेहतरीन रूप से प्रस्तुत करने में बहुत मदद मिलती है। इसके साथ साथ इस तरह के भ्रमण से विधार्थी अनुभवात्मक सीख एवं प्रायोगिक ज्ञान भी अर्जित करते हैं। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने रिज मैदान पर नृत्य और गायन की प्रस्तुति कर सैलानियों को भी खूब आकर्षित किया। इस यात्रा में डॉ विनोद मान, डॉ राजीव शर्मा, डॉ सुनीता और डॉ वीरेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## चैस प्रतियोगिता में अव्वल रही एमडी स्कूल की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद के पूंडरी मार्ग पर स्थित एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने लहराया जीत का परचम। प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि 16 मई को पांचवी जिला स्तरीय चेस चैंपियनशिप 2024 का 25 आयोजन पवनार पब्लिक स्कूल कैथल में किया गया ।यह प्रतियोगिता भिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई । जिसमें लगभग जिले के 50 स्कूलों के लड़के व लड़कियों ने भाग लिया।इस दौरान अंडर 13 आयु वर्ग में एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने बाजी मारी और गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अब इन छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक देशराज द्वारा छात्राओं को सम्मानित किया गया,उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम में बाढ़ चलकर भाग लेना चाहिए ।



कैथल। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम रहा शानदार

**कैथल।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजों में जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्राचार्य पंकज गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल के कुल 105 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी, उनमें से स्कूल की छात्रा सोनाली ने 93% अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वंशिका और रोहित बूरा ने 92.4% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और रोहित ने 89.6% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। माता-पिता और स्कूल दोनों के लिए गर्व की बात, 28 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की परीक्षा अन्य 39 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 12वीं के नतीजों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12 की परीक्षा में कुल 93 छात्र उपस्थित हुए, उनमें से वाणिज्य, मेडिकल, गैर-मेडिकल और मानविकी स्ट्रीम के परिणाम उत्कृष्ट थे।

## महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय मुन्दड़ी फिर से चर्चा में

# सीएम विंडो लगाने के बावजूद बढ़ा दिया कार्यकाल: रवि आर्य

- जिला प्रशासन से आह्वान किया कि विश्वसनीय एजेंसी से विषय की जांच करवाई जाए ताकि महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विवि का भविष्य सुरक्षित हो सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय मुन्दड़ी कैथल सुर्खियों में हैं। पहले तो भगत सिंह विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष सर्जन सिंह ने भवन न बनने एवं कुछ कोर्स बंद करने के आरोप लगाए थे और अब विश्वविद्यालय के छात्र एवं सर छोटूराम विद्यार्थी समूह के अध्यक्ष आर्य रवि ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होने पत्रकारो से बातचीत करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय में कुलपति अपने काम में मनमानी चला रहा हैं। उसने 22 अप्रैल 2024 को कैथल से सीएम विंडो लगाई थी। यह सीएम विंडो विवि में कार्यरत शैक्षणिक अधिष्ठाता भाग सिंह बोदला के खिलाफ थी जिसकी नियुक्ति बिना किसी विज्ञापन के की गई है। उनको 70 हजार मासिक वेतन पर रखा गया है। आरोप है कि जो व्यक्ति संस्कृत भाषा का ज्ञान नहीं रखता संस्कृत के विश्वविद्यालय संस्कृत को दरकिनार किया जा रहा है। अब इसको परीक्षा नियंत्रक बना रखा हैं जबकि यूजीसी के अनुसार परिक्षा नियंत्रक केवल नियमित कर्मचारी को ही बनाया जा सकता हैं।यही नहीं कुलपति के द्वारा नियमों को ताक पर रख कर बोदला का कार्यकाल एवं वेतन बढ़ा दिया गया हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव की मिलीभगत में कार्यकाल बढ़ा दिया गया हैं। पहले भी भाग सिंह बोदला पर बहुत से आरोप लगाए जा चुके हैं जब बच्चे उनसे सुविधाओ की बात करते हैं तो उनका कहना होता हैं अगर फेस्लिटी चाहिए तो आप दूसरे विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते हो और जब से ये व्यक्ति आया हैं तब से विश्वविद्यालय में बच्चो का स्तर भी गिरता जा रहा है। ये व्यक्ति अपने सूचना पत्र भी अंग्रेजी व हिन्दी में जारी करता हैं जो संस्कृत विवि के पत्र संस्कृत भाषा में होने चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से आह्वान किया कि विश्वसनीय एजेंसी से इस विषय की जांच करवाई जाए ताकि महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय का भविष्य सुरक्षित हो सके।

## न्यूज डायरी

### खाटू श्याम मंदिर तक निकाली निशान यात्रा



**गुहला-चीका।** कल शुक्रवार को खाटू श्याम पार्क में होने वाले विशाल खाटू जागरण की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। जहां लोगों को निमंत्रण कार्ड बांटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर की सफाई व मुख्य चौक को सजाने-संवारने की तैयारियां की जा रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए खाटू श्याम भक्त शैंकी जिन्दल ने बताया कि यह 14वां विशाल श्री श्याम जागरण होगा, इससे पहले 13 जागरण करवाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया इसी उपलक्ष्य में आज शहर में एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा निकालने के लिए सैकड़ों श्याम भक्त पहले श्री भवानी मंदिर चीका में इक्_ हुए और वहां से शोभा यात्रा लेकर शहर की मुख्य सडकों पर नाचते व झूमते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचे, जहां खाटू श्याम के भजनों के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। उन्होंने बताया कि यात्रा के बाद भक्तों ने कल होने वाले जागरण की जोरदार तैयारियां शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जागरण में श्याम भक्तों द्वारा खाटू श्याम की महिमा का गुणगाण किया जाएगा।

### भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन

**कैथल।** बफार्नी सेवा मंडल रजि. कैथल के प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू की अध्यक्षता में मंडल के कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। जिसमें हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल (जम्मू कश्मीर) में शिव भक्त श्रद्धालुओं के लिए आगामी 29 जून को आयोजित किए जाने वाले 30वें विशाल भंडारे के लिए प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू व सचिव सतनारायण गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 जून को कैथल से सैंकड़ों शिव भक्त मंडल सदस्यों के जत्थे के साथ दर्जनों गाड़ियों में भंडारे के लिए खाद्य सामग्री रवाना होगी और इस दौरान विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा व भंडारे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और पदाधिकारियों व सदस्यों की ड्यूटियां भी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि विशाल भंडारा 29 जून से 19 अगस्त तक लगातार जारी रहेगा और शोभायात्रा का कैथल, कुरुक्षेत्र, अंबाला जिलों सहित विभिन्न स्थानों पर शिव भक्त श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाऐगा। प्रधान सुरेंद्र गर्ग बिट्टू ने कहा कि देवों के देव महादेव की महिमा अपरम्पार है और बाबा भोले नाथ हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते है।

### मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति किया जागरूक



**नरवाना।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बिधराना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंसर के डॉक्टरों ने दौरा किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की ओर से आए हुए मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर डॉ सतीश कुमार ने मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को घरों में इकट्ठे हुए पानी को नष्ट करने, मच्छरों से फैलने वाली सभी बीमारियों के कारण, लक्षण व रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय प्रभारी महावीर बनवाला ने बच्चों को सफाई को अपनी आदत में शुमार करने के लिए प्रेरित किया। संस्कृत अध्यापक नरेश वत्स ने वर्तमान में मौसम परिवर्तन के साथ-साथ होने वाली अन्य बीमारियों के बारे में बताते हुए गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू लगने से होने वाली बीमारियों से बचने के विभिन्न उपायों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। ग्रामीणो को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### आदर्श स्कूल जाखौली में मनाया राष्ट्रीय डेंगू दिवस



**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श स्कूल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाया गया। ताकि सभी छात्र-छात्राओं में डेंगू की बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस दौरान जाखौली की पीएचसी की स्वास्थ्य टीम ने बताया की डेंगू एक मच्छर जनित रोग है। जो एडीस एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। इस दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार,अजनता को डेंगू के लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।डेंगू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द,मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और त्वचा पर चकत्ते इत्यादि लक्ष्मण शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रोकथाम के लिए बताया कि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करे, घरों में मच्छरदानी का उपयोग और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। टीम ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है।

### आमजन को नशे के खिलाफ किया जागरूक



**कैथल।** एचसी सुनील कुमार द्वारा चीका, माजरी, रामपुर पड़ता व चक्कूलदाना में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवा वर्ग को पढ़ाई व खेलो में ध्यान लगाना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

### शत-प्रतिशत रहा हिंदू स्कूल का परीक्षा परिणाम



**कैथल।** पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल का 10वी कक्षा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधन समिति के सदस्यों में सुनील चौधरी, भूमि चौधरी, राजीव चौधरी के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता कौशिक ने सभी शिक्षकों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि हमारे विद्यालय में 38 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिसमें सभी के सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ पास हुए। इनमें से 13 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की और बाकी सभी विधार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए। उन्होंने बताया हमारे विद्यालय में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके रेनूबाला ने विद्यालय का नाम रोशन किया । इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित था।

### सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला स्तरीय कन्वेंशन जवाहर पार्क स्थित संगठन के कार्यालय में की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। कन्वेंशन मे कैथल ,चीका, सिवन, पूंडरी, राजोन्द व कलयात के प्रधान-सचिव फायर व डोर टू डोर के कर्मचारियों ने भाग लिया, एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण,जिला सचिव रामपाल शर्मा,फायर के राज्य प्रधान राजेन्द्र, एसकेएस के राज्य उप प्रधान जरनैल सिंह, संघ के केन्द्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, बिमला देवी पत्नी श्री दलबीर सिंह निवासी दुर्गा कालोनी, रोहतक रोड जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मीनू व पुत्रवधु वीणा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, विजय गुप्ता पुत्र श्री रामशरण गुप्ता निवासी 167/28, गोपाल नगर, भिवानी रोड, नजदीक गोपाल स्कूल,जीन्द-हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष गुप्ता व उसकी पत्नी आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### दुकान व एजेंसी से रुपए व स्पेयर पार्ट चोरी

**कैथल।** दो अलग-अलग मामलों में चोर एक दुकान से रुपये व सामान और एक एजेंसी से स्पेयर पार्ट चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में चीका निवासी गौरव कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि 14 मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसकी छोटी मंडी स्थित दुकान से रुपये व सामान चोरी कर ले गए। उसे 40 हजार रुपये नुकसान हुआ है।

दूसरे मामले में चीका निवासी रिंकू सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी चीका में बाइक एजेंसी है। 15 मई को एजेंसी में काम करने वाला मैकेनिक विपिन उसकी एजेंसी से स्पेयर पार्ट चोरी करके ले गया। चोरी हुए सामान की कीमत 60 हजार रुपये है।

### सरकारी स्कूल में मनाया डेंगू दिवस

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में डेंगू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य निरीक्षक सत्यवीर व अमित सहरावत ने छात्रों को डेंगू के प्रति जागरूक किया। छात्रों को संबोधित करते हुए सत्यवीर ने कहा कि सभी छात्र अपने घरों में साफ सफाई रखें। घरों में पानी की टंकी, कूलर में एक सप्ताह बाद सफाई अवश्य करें। बुखार, उल्टी या सिर दर्द होने पर चिकित्सक को तुरंत दिखाएं। प्राचार्य देवेंद्र फौगाट ने कहा कि अपने घर जाकर छात्र अभिभावकों को भी जागरूक करें।

### आईसीएससी की परीक्षा में नवनीत रही प्रथम

**उचाना।** डूमरखा कलां गांव की



नवनीत पुत्री कंवल सिंह श्योकंद ने आईसीएससी के परीक्षा परिणाम में आर्टस में 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना की छात्रा नवनीता ने हिस्ट्री में 99, जियोग्राफी में 99 अंक प्राप्त किए। नरवाना क्षेत्र में नवनीत प्रथम स्थान पर रही। कंवल सिंह ने बताया कि बेटी निरंतर शिक्षा, खेलों में अव्वल स्थान प्राप्त करके माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है।

### शिविर में 27 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** मां सरस्वती सांस्कृतिक कला सोसाइटी जींद द्वारा सर्व कल्याण मंच के सहयोग से नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में एक महिला सहित 27 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर के संयोजक राष्ट्रीय युवा अवार्डी सुभाष ढिगाना ने बताया कि शिविर में ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराये के प्रधान मास्टर रिषिकांत शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की।

### देवर ने भाभी को होटल में ले जा किया दुष्कर्म

**जींद।** जुलाना थाना क्षेत्र के होटल में रिश्ते के देवर द्वारा भाभी के साथ दुष्कर्म करने तथा अश्
खींच कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने, मारपीट करने तथा आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मौसम शुष्क रहने के साथ तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा

# मौसम विभाग ने चार दिन तक तापमान में एकाएक वृद्धि होने की जताई संभावना

- डीसी ने हीटवेव से बचाव को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश
- अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां रखने के आदेश
- पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी



जींद। पशुबाड़े में बंधे पशु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि मौसम विभाग ने 19 मई तक तापमान में एकाएक वृद्धि होने की संभावना बताई है। जिससे मौसम शुष्क रहने के साथ-साथ तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ना स्वाभाविक है। मानव जीवन के साथ-साथ पशुधन को भी हीट वेव से बचाना जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाइयों का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेटए आवश्यक दवाए तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान हों। स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो। सभी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में ओआरएस और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक हों। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सुचारू रखें। इसी प्रकार से डीसी ने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे श्रमिकों के कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल व छांव का प्रबंध रखें। श्रम विभाग द्वारा निर्माण, उद्योगों, वाणियक संस्थाओं पर श्रमिकों को हीट वेव से बचाव को लेकर जरूरी प्रशिक्षण दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्रों और बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पार्कोंर्, सब्जी मंडी, सार्वजनिक चौराहा, बस अड्डों, पर्यटन स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था करें। मंदिर, सार्वजनिक भवन मॉल जैसे कूलिंग सेंटर की पहचान की जा सकती है और उनका उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी, टैंकरों आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं। डीसी ने बिजली निगम को निर्देश दिए हैं कि बिजली की कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान किया जाए ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकें। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल खोलने व बंद करने के समय का जो निर्धारण किया गया है, स्कूल प्रबंधकों द्वारा उसकी कडाई से अनुपालना करवाई जाए।

### लू से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी जरूरी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिक दोपहर के समय विशेष कर 12 से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबाईनेटिड शीतल पेय जैसे पदाथोंर् के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीनयुक्त व बासी भोजन न खाएं। अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए धूप में निकलते समय सिर व मुंह के बचाव के लिए काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी के अलावा पैरों में जूते या चप्पल अवश्य पहनें।

### नागरिकों के साथ-साथ पशुओं को भी हीटवेव से बचाना जरूरी

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आमजन के साथ-साथ पशुधन को भी हीट वेव से बचाना जरूरी है। डीसी ने पशु पालन विभाग को निर्देश दिए हैं कि पशुओं का भी विशेष ध्यान रखने के लिए पशु मालिकों को जागरूक किया जाए ताकि वे विशेष सावधानी रख सकें। हीट वेव की स्थिति के दौरान पशुओं में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उससे बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाए और साथ ही पशु केंद्रों पर आवश्यक दवाओं का भंडारण सुनिश्चित हो। 45 डिग्री से अधिक तापमान होने पर पशुओं के आवास गृह की खिड़की दरवाजों पर गीले पर्दे से बचाव करें। दुधारू पशुओं के लिए कूलर की व्यवस्था भी की जा सकती है। पशुओं एवं पक्षियों के लिए दिन में 4-5 बार स्वच्छ एवं ठन्डे जल की व्यवस्था करें।

### मौसम 19 मई तक मौसम शुष्क रहेगा

मौसम विभाग ने 19 मई तक मौसम शुष्क रहने के साथ-साथ 44 डिग्री तापमान पहुंचने की संभावना जताई है। ऐसे में हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने जरूरी हैं। जिला प्रशासन द्वारा गर्मी के मौसम के चलते लू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग व शहरी स्थानीय निकाय आदि विभागों को पहले भी एडवाइजरी जारी कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के चलते अब एक बार फिर से सभी विभागों को नागरिकों के साथ- साथ पशुओं को हीट वेव से बचाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### 97 प्रतिशत गेहूं का हुआ उठान

**उचाना।** 22 मई तक सरकार द्वारा गेहूं की खरीद को बढ़ाया है। गेहूं की उठान रफ्तार अंतिम चरण में है। अब तक 97 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। उठान की रफ्तार निरंतर तेज रही है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि खरीदी गई 960089 क्विंटल गेहूं में से 932483 क्विंटल गेहूं का उठान हुआ है। 97 प्रतिशत गेहूं का उठान अब तक हो चुका है। एख्सपस मंडी में डीएफएससी का 95, हैफेड का 97, छात्तर सब यार्ड, परचेज सेंटर घोघड़िया, काब्रच्छा, धनखड़ी से खरीदी गई गेहूं का उठान हो चुका है। उचाना मंडी में डीएफएससी ने 404830, हैफेड ने 255394 क्विंटल गेहूं की खरीद की। छात्तर सब यार्ड में डीएफएससी ने 72076, हैफेड ने 58690, घोघड़िया में डीएफएससी ने 97355, काब्रच्छा में वेयर हाऊस ने 57726, धनखड़ी में डीएफएससी ने 8875 क्विंटल गेहूं की खरीद की। अब तक 13918 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए गेट पास कटवाए। उचाना मंडी में 9424, छात्तर में 1993, घोघड़िया में 1375, काब्रच्छा में 884, धनखड़ी में 131 किसानों ने गेट पास कटवाए।

### जींद पावर हाउस में आज होगा मरम्मत का कार्य

**जींद।** 220 केवी जींद पावर हाउस में शुक्रवार को मरम्मत का कार्य होगा। अधीक्षक अभियंता जितेंद्र ढुल ने बताया कि मरम्मत के चलते सुबह साढ़े दस से 12 बजे तक रूपगढ़, बड़ौदी, कैरखेड़ी, झांझ, खटकड़, अहिरका, अमरहेड़ी, कंडेला एरिया की बिजली बाधित रहेगी।

## चुनाव प्रक्रिया को अच्छी तरह से समझना जरूरी : दून

- चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी का होता अहम योगदान



जींद। चुनाव कर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्थानीय अर्बन एस्टेट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रही कार्यशाला के तीसरे दिन वीरवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पोलिंग पीओ और एपीओ व अन्य कर्मचारियों को सभी जरूरी बातें बारीकी से बताई गई। नरवाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टी में शामिल प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी के लिए एक-एक बिंदु को अच्छी तरह से समझना जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चुनाव के दौरान बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी एक टीम के रूप में काम करेगी। एक टीम वर्क का परिणाम सबसे अच्छा निकलता है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों के सभी अधिकारी व कर्मचारी एक.एक बिंदु को समझकर आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि सामान की सूची के साथ ईवीएम मशीन और वीवीपैट के नंबर का बूथ से मिलान अवश्य कर लें। पोलिंग पार्टी ईवीएम व अन्य सामग्री लेने के पश्चात प्रशासन की ओर से दिए गए वाहन में बूथ पर जाएंगी। रिहर्सल के मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत चुनाव नायब तहसीलदार खेमचंद सैनी, डा. सूरजमल ने पोलिंग पार्टियों को ईवीएम की कार्यप्रणाली, टेंडर वोट, चैलेंज वोट आदि के बारे में भी बताया। सभागार में चुनाव अधिकारियों को वीवीपैट तथा ईवीएम मशीन के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उपस्थित कर्मचारियों को फार्म 12 और फार्म 12 ए बांटे गए। एसडीएम ने कहा कि चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी व पोलिंग पार्टी के अन्य कर्मचारियों का अहम योगदान होता है। साथ ही निष्पक्ष चुनाव करवाना पोलिंग पार्टी की नैतिक जिम्मेवारी होती है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी ईवीएम का बेहतर प्रशिक्षण लें ताकि चुनाव के दिन उन्हें मतदान के सुचारु संचालन में कोई कठिनाई न आए।

## सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़े हैं मोदी : बड़ौली

- ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली ने की पत्रकारवार्ता
- 18 की रैली के लिए दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली व साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

जींद विधानसभा क्षेत्र के सफीदो रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में गुरुवार को सुबह भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने पत्रकारवार्ता की। इस दौरान बड़ौली ने पीएम मोदी के 10 साल के कार्यों और सोनीपत के विकास के संबंध में बात की। कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत को चहुंमुखी विकास के मामले में नए आयाम पर पहुंचाने का काम किया है। पीएम मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत के प्रत्येक जिलों को नेशनल हाईवे से जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। जिसमें सिर्फ सोनीपत को 8 नए नेशनल हाइवे मिले हैं। मोदी सरकार में सोनीपत के खरखोदा में मारुति प्लांट, गन्नौर के बड़ी में रेल कोच नवीनीकरण प्लांट को सौगात मिली है। भाजपा प्रत्याशी ने सभी लोगों से गोहाना में 18 मई को होने वाली पीएम मोदी की जनसभा में पहुंचने की अपील की।




जींद। सांग का मंचन करते हुए हरियाणवीं सांगी कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## मालसरी खेड़ा में हुआ बणदेवी सांग का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

ग्रीन फाऊंडेशन के तत्वावधान में उपमंडल के गांव मालसरी खेड़ा के राजकीय हाई स्कूल में बणदेवी नामक हरियाणवीं सांग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सरपंच जितेंद्र राणा, स्कूल के हैड मास्टर कंवरभान, पंचायत सदस्य हिरदाराम, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह व डब्ल्यूपीडी नसीब कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाऊंडेशन के प्रधान राकेश कुमार ने की। अतिथियों ने दीप प्र'जवलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांगी सतपाल की टीम ने बणदेवी सांग प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि भारतीय लोक संस्कृति हमारी जीवन शक्ति है। कलाओं से आत्मा का परमात्मा से मिलन होता है, ऐसी कलाओं का संरक्षण जरूरी है। आने वाली पीढ़ी जब लोककला संस्कृति को जानेगी और समझेगी तभी उसको अपने जीवन में उतारेगी।

## अपने जीवन में जीएसटी को लागू कीजिए : अशोक पुजारी

- तर्क से बढ़ती है तकरार, सम्पर्ण से बढ़ता सौहार्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर की पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन में मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि अपने जीवन में हमें जीएसटी लागू करना चाहिए। जी मैंने अच्छी सोच, एस मैंने सादा जीवन, टी मैंने तनाव मुक्त जीवन। हर मनुष्य को चाहिए कि वो जीवन में जीएसटी का लागू कर जीवन को खुशहाल बनाए। आज मनुष्य दिखावा करता है, तनाव में रहता है, सोच नेगेटिव रखता है जिससे वो हर समय परेशान रहता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना, अपने मां-बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरू को दे देना।



जींद। कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु।

श्रेय अपने पास रखोंगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। कभी कोई काम बिगड़ जाए तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगा। एक बड़े पाप से भी बच जागोगे लेकिन मनुष्य इतना बेईमान है कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते हो कहता है मेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो किसी और को उसके लिए जिम्मेदार ठहराता है। यह कैसी नाइंसाफी है। थोड़ा अहंकार से बचने का भाव जरूर बना कर रखे।

पुजारी ने कहा कि तर्क न करें क्योंकि तर्क से तकरार बढ़ती है। सम्पर्ण से सौहार्द बढ़ता है। तर्क सिर्फ उलझाता है, सम्पर्ण समाधान देता है। सास ने कहा यूं, बहू ने कहा क्या ? बस यहीं से महाभारत शुरू हो जाता है। जो सुख सम्पर्ण में वह अकड़ में नहीं है। जो सुख झूकने में है वो तनने में कहां है? तर्क नर्क है, सम्पर्ण स्वर्ग है।

जीवन को सम्पर्ण भावना से जिएं। क्रोध से बचे, क्रोध हमारा बोध खो देता है। अतिशय मुनि ने रामायाण की कथा करते हुए फरमाया कि स्वयं को कमजोर साबित मत होने दें क्योंकि डूबते सूजर को देखकर लोग घरों के दरवाजे तक बंद कर लेते हैं।

### कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेगी कांग्रेस

**कैथल।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। साथ ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की नीति बनाई जाएगी, जिससे हजारों कर्मचारी व उनके परिवारों को सीधा लाभ होगा।

## सीबीएसई परीक्षा परिणाम में यदुवंशी ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई की और से कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें यदुवंशी जींद के विद्यार्थियों ने जीन्दू ब्लॉक में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं विज्ञान और दूसरा वर्ग में छात्रा साक्षी ने 93 प्रतिशत अंक, मनीष ने 90.5 प्रतिशत अंक और वाणि'य, कला में नीवेदीता में 88.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कला संकाय में भारत ने 89.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दसवीं कक्षा में मधु ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और दूसरे स्थान पर सागर ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और तृतीय स्थान पर यश ने 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार से विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम पर विद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।



जींद। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बैकवर्ड सैल के हलका प्रधान हुए बीजेपी में शामिल

**सफीदों।** जननायक जनता पार्टी को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उनकी पार्टी के बैकवर्ड सैल के सफीदों हलका प्रधान राजबीर प्रजापति ने अलविदा कह दिया और अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजबीर प्रजापति को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली ने पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी विशेष रूप से मौजूद रहे। पार्टी में शामिल करते हुए मोहन लाल बडौली ने कहा कि राजबीर प्रजापति व उनकी टीम को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## वोटर इन क्यू एप के प्रयोग से मतदाता बचा सकता है अपना समय

# अब मतदान के लिए नहीं लगना पड़ेगा घंटों लाइन में

- एप के माध्यम से मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ की मिलेगी घर बैठे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है जिसके माध्यम से आप मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं और बूथ पर भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैंए जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देख कर बगैर वोट डाले ही वापस चले जाते हैं लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केंद्रों की जानकारी मिल सकेगी।




### क्यू मोबाइल एप को निर्वाचन आयोग ने स्वीकृति प्रदान की

उन्होंने बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा। जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।

### मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय इंतजार नही करना होगा : रजा



डीसी ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।